(vii) The vessels will operate only after issue of necessary Certificates by the Principal Officer, Mercantile Marine Department, Bombay.

(viii) The Crew are not required to stay on board beyond their duty hours.

(ix) The vessels shall carry radio, telephonic equipment to keep in communication with Goa and Bombay and that both these stations shall remain on watch continuously when the ships are at sea,

(x) The vessels shall be manned by two Masters. Vessels can ply only during day time.

(xi) Instructions approved by Director General of Shipping relating to action to be taken in case of emergencies such as engine failure, fire, collision, grounding, etc. would be followed by the company.

Reconstitution of Telephone Advisory Committee for Goa

1793. SHRI JOHN F. FERNANDES: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government are awareof*a* the fact that no Telephone Advisory Committee has been constituted for Goa for over one year;

(b) if so, by when Government are likely to reconstitute this Committee; and

(c) what are the reasons for this delay?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI JANESHWAR MISH-RA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The policy of constitution of various Telecom/Telephone Advisory Committees was under re-View. The review has since been completed. Goa Telephone Advisory Committee will be reconstituted soon.

राष्ट्रीय राजमार्गों का घटिया अनुरक्षण

1972. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के घटिया अनुरक्षण के कारण प्रति वर्ष भारी हानि हो रही है ;

(ख) क्या सरकार ने इस हानि की राशि का आकलन किया है, यदि हां, तो इस प्रकार आकलित की गई राशि कितनी है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि पर्याप्त कोष के अभाव में सरकार इन सड़कों का अनुरक्षण उचित प्रकार से नहीं कर पाती है ?

जल भूतल परिवहन मंत्री (श्री के०पी उन्नीकृष्णन) : (क) और (ख)

योजना आयोग ने आठवीं पंचवर्षीय योजना (1990–95) के लिये सड़कों के संबंध में एक कार्यदल का गठन किया था। इस दल की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों समेत सड़कों की खराब हालत के कारण इस समय अर्थव्यवस्था को प्रतिवर्ष लगभग 6000 करोड़ रु० की अनुमानित हानि हो रही है ।

(ग) वित्तीय अभाव के भीतर, राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात के योग्य हालत में रखा जा रहा है ।

स्वर्ण मंदिर का सुन्दर बनाया जाना

1795. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार अमृतसर स्थित स्वर्ण मन्दिर के बाहरी